# प्रो. भास्कर बनाए यूपीईएस स्कूल ऑफ डिजाइन के डीन

## आईआईटी गांधीनगर जैसे टॉप इंस्टीट्यूट में काम का अनुभव

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (20 Sep):** यूपीईएस (उत्तराखंड पॉलिटेक्निक एंड इंजीनियरिंग स्कूल) ने प्रो. भास्कर भट्ट अपने स्कूल ऑफ डिजाइन का नया डीन घोषित किया है. प्रो. भट्ट के पास 22 साल का एक्सपीरियंस है, जिसमें उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद और आईआईटी गांधीनगर जैसी टॉप इंस्टीट्यूट में काम किया है. उन्होंने न्यूजीलैंड की लिंकन यूनिवर्सिटी में डॉक्टोरल रिसर्चर्स के तौर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. यूपीईएस के डिजाइन स्कूल में कई आधुनिक सुविधाएं हैं, जैसे एआर, वीआर लैब, फिल्म और मीडिया लैब, 3डी प्रिंटिंग और लेज़र-कटिंग. प्रो. भट्ट का उद्देश्य स्टूडेंट्स को एक ऐसा माहौल देना है जहां वे क्रिएटिविटी और



टेक्नोलॉजी के साथ नए आइडियाज को डेवलप कर सकें. यूपीईएस के वि सी डॉ. राम के शर्मा ने कहा की यहां फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स को 6-8 हफ्ते की इंटर्नशिप का मौका मिलता है, जिसमें वे सोशल ऑर्गनाइजेशंस के साथ काम करते हैं. सेकेंड ईयर में स्टार्टअप या गवर्नमेंट इंटर्नशिप का एक्सपीरियंस मिलता है, और थर्ड ईयर में इंडस्ट्रियल इंटर्नशिप होती है. जिससे उन्हें ये पता चलता है की बाहरी दुनिया में किस तरह से काम होता है. प्रो. भास्कर भट्ट ने कहा, मैं इसरिप्यूटेड इंस्टीट्यूट का हिस्सा बनकर गर्वित महसूस कर रहा हूं.